तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 19 अगस्त 2024

11 सेजेस विद्यालय में शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष जयेश ने किया...



12 नारागांव के 4 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ...





## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टरों से 110 लीटर डीजल और बैटरी चोरी

**बालोद।** एक जगह रखे अलग-अलग ट्रैक्टरों से 110 लीटर डीजल व एक बैटरी की चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने 11 और 12 अगस्त की रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा निवासी चेतन सिंह ठाकुर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके पिता के नाम से ट्रैक्टर है। गांव के कृषक कोमल सिंह ठाकुर, भागीरथी साहू, चिंता राम मानकर के पास भी ट्रैक्टर एवं ट्राली है। सभी किसान अपना ट्रैक्टर एवं ट्राली चेतन सिंह के मकान से लगी बाड़ में हमेशा खड़ा करते हैं। 11 अगस्त को शाम करीब 5-6 बजे सभी कृषकों ने अपने-अपने ट्रैक्टर को घर से लगी बाड़ी में खड़ा किया था। 11 और 12 अगस्त के मध्य रात्रि 4–5 बजे के बीच कोई अज्ञात चोर एक ट्रैक्टर से एक नग बैटरी एवं ट्रैक्टर की टंकी से 40 लीटर डीजल, भागीरथी साहू के ट्रैक्टर की टंकी से 20 लीटर डीजल एवं एक अन्य ट्रैक्टर की टंकी से 30 लीटर डीजल तथा चिन्ताराम मानकर के ट्रैक्टर से 20 लीटर डीजल को चोरी कर ले गया। इस संबंध में गांव के साथ ही आसपास भी पतासाजी की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फायनेंस कंपनी से 10 लाख की ठगी

**भिलाई।** फायनेंस कंपनी के चार कर्मियों ने मिलकर लोन के किश्त को वसूल कर 10 लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। कंपनी ने जब आडिट कराया तक घटना की जानकारी हो पाई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि स्पंदना स्फूर्ति फायनेंसियल लिमिटेड के पामगढ़ जांजगिर निवासी प्रबंधक राजकुमार केवर्त ने शिकायत किया है कि पूर्व में पदस्थ कर्मी बलौदा बाजार निवासी गीताराम साहू, सरायपाली महासमुंद अविनाश यादव, बेमेतरा रितेश बंजारे, महासमुंद बृजलाल साहू ने कंपनी का 10 लाख 23 हजार 404 रुपए का ठगी किया। स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंसियल लिमिटेड शाखा भिलाई भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अधीन संचालित है। गीताराम साहू शाखा भिलाई में 2021 से 2023 तक शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ थी। जिसकी फील्ड ऑडिट के दौरान 3 लाख 16 हजार 2 रुपए का गबन, अविनाश यादव क्रेडिट असिटेंट के पद पर रहते हुए 2 लाख 23 हजार 595 रुपए, रितेश बंजारे 2022 -2024 तक क्रेडिट असिटेंट के पद पर रह कर 3 लाख 1 हजार 36 रुपए, बृजलाल साहू क्रेडिट असिटेंट 1 लाख 82 हजार 771 रुपए का ठगी किया है। कंपनी के चारों कर्मियों ने इसी तरह कुल 10 लाख 23 हजार 404 रुपए का गबन किया। यह कंपनी महिला समूहो को लोन दिया करती है।

### पीलिया प्रभावित बैकुंठधाम में पहुंची निगम की टीम

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई की टीम शनिवार को बैकुण्ठधाम क्षेत्र के पीलिया प्रभावित वार्ड 33 पहुंची। निगम एवं जिला प्रशासन की टीम यहां घर-घर सर्वेक्षण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा। मोहल्ले में गंदगी फैलाने वाले तीन लघु व्यापारी तथा गुमास्त लाईसेंस के नवीनीकरण के बिना व्यवसाय करने वाले एक व्यवसायी के विरुद्ध निगम के कार्यवाही कर 8000 रूपये दाण्डिक शुल्क वसूल किया। ये सभी घर में मिठाई तथा मिस्चर बनाने का कर रहे थे। निगम का सफाई अमला प्रभावित क्षेत्र में लगातार वृहद सफाई अभियान चला रहा है। क्लोरीन टेबलेट का वितरण कर मोहल्ले में पेयजल के लिए उपयोग में लिए जा रहे पानी का जाँच नमूना प्रतिदिन लिया जा रहा है।

# आकार लेने लगीं भगवान विघ्नहर्ता की प्रतिमाएं, निर्माण में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इन दिनों प्रदेश में त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। आज रक्षाबंधन के बाद हलषष्ठी, जन्माष्टमी फिर तीजा-पोला के बाद गणेश चतुर्थी के साथ ही लगातार पर्व आएंगे। वहीं, त्योहारों की तैयारियों में उनसे जुड़े लोग लग गए हैं। हालांकि, गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को है, लेकिन मूर्तिकार प्रतिमाओं के निर्माण में जुट गए हैं। वहीं, पंडाल समिति के लोग मूर्तिकारों के पास पहुंचकर अपनी मूर्ति के आकार और प्रकार के बारे में मूर्तिकार को जानकारी दे रहे हैं। साथ ही मूर्तिकार द्वारा बनाई गई गणेश की मूर्तियां पसंद आने पर उसे बुकिंग भी कर रहे हैं, ताकि उनकी पसंद की मूर्ति को कोई और न ले जाए। 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर भगवान विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दिन घरों के साथ पंडालों में भी श्री गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान से पूजा अर्चना कर स्थापित की जाएंगी तथा भक्त लगातार 11 दिन पूजा अर्चना करेंगे। हालांकि गणेश चतुर्थी को अभी पखवाड़ेभर से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन मूर्तिकारों द्वारा भगवान गणेश की मूर्तियों को विभिन्न आकार देना शुरू कर दिया है।

**दूर-दूर से आ रहे ऑर्डर:** कई मूर्तिकारों ने बताया कि अभी भी भगवान गणेश की प्रतिमा निर्माण की मांग आ रही है, लेकिन समय कम होने तथा बहुत ज्यादा मांग होने ▶▶ शेष पेज 10 पर

## गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को, तैयारियां जोर पर

### सार्वजनिक गणेशोत्सव के लिए समितियां सक्रिय

इसके साथ ही पंडाल में प्रतिमाएं विराजित करने वाली समितियां भी सक्रिय हो गई हैं। जिले के कई गांवों व गलियों के पंडालों के लिए बनी समितियों की बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। बैठकों में विशेष प्रसंग, भगवान गणेश की मूर्तियों के आकार के साथ ही पंडाल को आकर्षक रूप देने के संबंध में चर्चा की जा रही है। इसके साथ ही समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां देकर तैयारियां पूर्ण करने में जुट चुकी हैं।



### मिट्टी की प्रतिमा ही लाएं

लोगों को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि भगवान गणेश की मूर्ति मिट्टी की ही बनवाएं या घर लाएं, जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। क्योंकि भगवान गणेश की पीओपी प्लास्ट ऑफ पेरिस की बनी मूर्ति पर्यावरण के लिए अनुकूल नहीं होती और वह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। इसलिए हरिभूमि द्वारा लोगों से अपील की जाती है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें एक कदम आगे बढ़कर सिर्फ मिट्टी की ही मूर्तियां अपने घर व पंडाल में लानी चाहिए।

## अनदेखी : पुलिस प्रशासन की चेतावनी को कर रहे दरकिनार

# लबालब हुआ तांदुला, देखने पहुंच रहे लोग बरत रहे लापरवाही





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तस्वीरें देखकर आप यह जरूर कहेंगे कि ऐसे लापरवाह लोगों पर पुलिस को सख्ती बरतनी चाहिए, लेकिन यह भी कहना गलत नहीं होगा कि हम पुलिस के भरोसे ही अपने आप को सुरक्षित महसूस क्यों करें, हमारी जिंदगी है और हमें खुद सावधानी बरतनी चाहिए यह जरूरी नहीं कि पुलिस मौके पर रहे तभी हम इस तरह की लापरवाही से बचेंगे। दरअसल जिला मुख्यालय से लगे तांदुला जलाशय में लबालब पानी भरा हुआ है और बहुत जल्द ओवरफ्लो होने की स्थिति में है।

- किसी ने गिरा दिया बैरिकेड्स वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया मार्ग

कुछ दिनों पहले यहां सैलानियों की भीड़ बढ़ रही थी, तो पुलिस प्रशासन ने पुलिस बल तैनात किया और बेरीगेट लगा दिए, ताकि किसी तरह की समस्या न हो और लोगों के जान माल का नुकसान भी न हो। इसी तरह पुलिस द्वारा यहां पहुंचने वाले लोगों को सावधानी बरतने व जलाशय से कुछ दूर रहकर सुंदर नजारा देखने की अपील की गई। लेकिन, वर्तमान में यहां सैलानियों की संख्या न के बराबर हुई तो पुलिस बल की तैनाती हटा ली गई। अब स्थिति यह हो गई है कि कुछ लोग मनमानी पर उतर आए हैं। सुरक्षा के लिहाज से लगाये गए बेरीगेट को किसी ने नीचे गिरा दिया, तो किसी ने बेरीगेट को हटाकर वाहनों को आवाजाही के लिए खोल दिया है।

### जलाशय में उतरकर ले रहे सेल्फी

इतना ही नहीं कुछ युवा व बच्चे तो जलाशय में उतर गए हैं, और जिस जगह पर ओवरफ्लो होता है वहां बेझिझक घूम रहे हैं और सेल्फी ले रहे हैं। बच्चों के साथ-साथ कुछ युवा भी इस लापरवाही में शामिल हैं। नदी नालों व जलाशयों में लगातार हो रहे हादसा से लोगों को सबक लेना चाहिए न कि लापरवाही बरतनी चाहिए। तस्वीरों में आप साफ देख सकते हैं कि कुछ लापरवाह लोग लापरवाही की हद पार कर रहे हैं और जब ऐसे समय में कुछ हादसा हुआ तो स्थानीय प्रशासन को दोषी ठहराया जाएगा। ऐसे जगहों में सावधानी बरतने की जिम्मेदारी आम जनता की भी है।

# चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिस युवक ने अपने चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला किया था, उसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 109 के तहत जेल भेज दिया है।

- बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में पानी निकासी को लेकर हुआ था विवाद

दरअसल बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में गैंदालाल सार्वा ने अपने चचेरे भाई 12वीं में छात्र मुकेश साहू के गले पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। गनीमत रही कि छात्र ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई और जिला अस्पताल में इलाज कराया। घायल युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में तत्काल आरोपी गैंदालाल सार्वा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खपरी की लापरवाही और



वार्ड क्रमांक 5 की पंच ने मनमानी करते हुए सड़क पर मेड़ बना दिया था, जिसके कारण घायल मुकेश के घर से निकलने वाला पानी व बारिश का पानी घायल युवक और आरोपी व्यक्ति के घर के आस पास भरा हुआ रहता है। पानी का निकासी के लिए रास्ता नहीं होने से घरों से निकलने वाला पानी और बारिश का पानी इकट्ठा हो रहा था, जिसके कारण दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ और एक ने अपने चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी चला दी।

### सरपंच ने लगाया आरोप

गांव के सरपंच कुलेश्वर सार्वा ने कहा कि घायल युवक के घर करीब 20 गाय पाले हुए हैं। कोई किसान गाय को घर में नहीं धोते, इन्हीं लोग घर में धोते हैं, जिसका पानी घर के बाहर गली में आता है। गोबर को भी गली में रख देते हैं जिसमें कीड़ा पड़ जाता है और बदबू भी आता है, जिसके कारण आस पास के लोग परेशान हैं। घायल युवक के घर से निकलने वाला गंदा पानी व गोबर पानी सड़क पर आता है। गली में रहने वाले लोग अपने घर तक न जाए इसलिए उसे मेड़ बनाकर रोक दिया है। जबकि इस मामले में बैठक भी हुआ है लेकिन घायल युवक के परिवार वाले ग्रामीण व्यवस्था को नहीं मान रहे हैं।

# राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शामिल होंगे जिले के 25 खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

24 अगस्त से शुरू होने वाली सब जूनियर, जूनियर, सीनयर महिला एवं पुरुष राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप भिलाई के सेक्टर 4 में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए बालोद जिला वेट लिफ्टिंग टीम का चयन किया गया है। बालोद जिले से 25 खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी खिलाड़ियों को वेट लिफ्टिंग संघ के जिला अध्यक्ष डोमेंद्र भेड़िया, उपाध्यक्ष आरपी यादव, सचिव नरेंद्र कुमार साहू, सह सचिव जहीरूद्दीन कुरैशी, जिम के कोच मुनेंद्र कुमार साहू, पीटीआई अर्जुंदा अश्वनी पटेल, कोच प्रकाश देशमुख, शार्दुल मिनपाल, सुषमा ढीमर, रिया ठाकुर, भूमिका ढीमर, जिला सचिव नरेंद्र कुमार साहू और सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### गोस्वामी तुलसीदास जयंती कार्यक्रम आज

**गुरूर।** मानस मंडली हसदा द्वारा तहसील स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन 19 अगस्त को हसदा सनौद में किया गया है। मुख्य वक्ता अध्यक्ष राज मानस संघ गुरूर पूरण लाल भेशले, दास बंटी गोपाल कुंभज, सचिव राज मानस संघ गुरूर सोहन लाल ठाकुर, संरक्षक मानस संघ गुरूर तुलसी राम महमल्ला, संरक्षक राज मानस संघ गुरूर प्रतिमा साहू, सहसचिव राज मानस संघ धमतरी गिरीश कुमार साहू, सनौद शक्ति केन्द्र वंदना साहू, राज मानस संघ धमतरी के पदाधिकारी, स्थानीय मानस मंडली सनौद, नीमा साहू, तेजराम साहू, कोषाध्यक्ष बीरबल साहू, उद्घोशक सहसचिव राजमानस संघ गुरूर पुरूषोत्तम साहू व राजमानस संघ गुरूर, मानस शक्ति केन्द्र सनौद के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# विद्यार्थियों को दी नशे से दूर रहने की सलाह, ठगी से बचने के बताए उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाया। प्राचार्य एलके ठाकुर की उपस्थिति में पुलिस विभाग से सहायक सब इंस्पेक्टर आत्माराम धनेलिया ने बच्चों को वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते नशा पान और साइबर क्राइम की घटनाओं को लेकर जागरूक किया। उन्होंने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को किसी भी तरह का नशा नहीं करने की अपील की। साथ ही साथ बच्चों को आसानी से मोबाइल पर साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं, इसकी जानकारी देते हुए उन्हें इससे बचने के उपाय बताए। एएसआई श्री धनेलिया ने बताया कि किसी भी प्रकार का ओटीपी बिना माता-पिता की अनुमति के किसी से भी शेयर न करें।

### छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की जानकारी माता-पिता व शिक्षकों को अवश्य दें

इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल लिलेश्वरी देवांगन ने महिलाओं के साथ हो रहे छेड़छाड़, टीका टिप्पणी और यौन प्रताड़ना जैसी घटनाओं पर छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति निर्मित होने पर तत्काल 100 नंबर पर फोन लगाएं। किसी भी तरह की घटना-दुर्घटना के संबंध में अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षक को जरूर बताएं। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की से महिला हेड कांस्टेबल प्रतिमा ठाकुर, हेड कांस्टेबल यज्ञदत्त ठाकुर, कांस्टेबल पूनम चंद खरे और विद्यालय से वरिष्ठ व्याख्याता संगीता वैदे, एनुका शार्वा, रीना मंडल और तेजेश्वरी साहू के साथ ही बच्चे उपस्थित थे।

## त्योहार को लेकर छलक रहा उत्साह, बाजारों में रौनक

# भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व आज मनाया जाएगा। इस दिन सावन का अंतिम सोमवार और पूर्णिमा तिथि का व्रत भी किया जाएगा। यानि रक्षाबंधन पर्व बहुत ही खास दिन पर मनाया जा रहा है।

- राखी के साथ ही कपड़ों, मिठाइयों व अन्य दुकानों में लगी भीड़

रक्षा बंधन के दिन भद्राकाल विशेष तौर पर देखा जाता है, लेकिन इस बार भद्रा का डर नहीं है। रक्षाबंधन को देखते हुए इन दिनों जिला मुख्यालय सहित अंचल में राखी की दुकानें सज गई हैं। रविवार को जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों में भी राखी की दर्जनों दुकानें सजी हुई थीं, जहां बहनें अपने भाइयों के लिए कई अलग-अलग वैरायटी की राखियां खरीदती नजर आईं। बहनों में रक्षाबंधन पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। रविवार को सुबह से देर शाम तक बहने राखियां सहित अन्य खरीदारी करने बाजार में नजर आईं। वहीं, रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व रविवार को राखी दुकानों से लेकर किराना दुकान, कपड़े और सोने चांदी की दुकानों में भी खरीददारी करने वालों की भीड़ देखने को मिली।




### शुरू हुआ त्योहारों का सिलसिला

रक्षाबंधन के साथ ही अब त्यौहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदेश में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आपको बता दें कि आने वाले दिनों में कमरछठ, कृष्ण जन्माष्टमी, तीजा–पोला सहित प्रदेश में मनाए जाने वाले अन्य पर्व काफी नजदीक हैं। इसके कारण यात्री बसों व ट्रेन में भी अब यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। यात्री बसें खचाखच भरी हुई हैं। इसके साथ ही लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बस स्टैंड में बसों के इंतजार में बैठे हुए नजर आने लगे हैं।

### स्वाइन फ्लू : स्वास्थ्य विभाग ने की एडवाइजरी जारी

**दुर्ग।** जिले में स्वाइल फ्लू के पांच मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा एहतियात बरतने एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि, लगातार बढ़ रहे मौसमी बीमारियों स्वाइन फ्लु के संभावना बनी रहती है। ऐसे में लोगों को खासतौर पर बचाव कार्य करना जरूरी है। स्वास्थ्य संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। दुर्ग जिले में भी उपरोक्त मौसमी बिमारियों की बचाव, उपचार व रोकथाम व संक्रमण का फैलाव को कम करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें स्वाईन फ्लु हेतु स्वाईन फ्लु स्वशन-तंत्र संक्रमण है, जो मनुष्यों में इनफ्लुएंजा ए वायरस के कारण होता है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप




### स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय कालेज निकुम में मना अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय, निकुम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. डी.के. बैलेन्द्र के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वेदप्रकाश ठाकुर के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का श्री गणेश विश्व हाथी दिवस के उपलक्ष्य में हाथी संरक्षण विषय पर पोस्टर तथा रंगोली प्रतियोगिता से हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने विषय के प्रासंगिकता पर सारगर्भित प्रकाश डाला। इसी प्रकार कार्यक्रम के नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त समाज तथा राष्ट्र के निर्माण के लिए शपथ ली गई। वहीं, प्राचार्य डॉ. डीके बैलेन्द्र ने व्यक्तित्व तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी आवश्यकता पर व्याख्यान दिया।कार्यक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के तारतम्य में एचआईवी/एड्स की रोकथाम तथा जागरूकता के लिए चलचित्र दिखाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक डॉ. सीमा जायसवाल, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा,डॉ. शिप्पी देवांगन, अंजु रानी ठाकुर, पूजा सोढा, अन्नपूर्णा यादव के कुशल मार्गदर्शन तथा अतिथि व्याख्याता कामता प्रसाद बंजारे, ओम प्रकाश, जीवंतीका ठाकुर एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

### अभाविप ने रानी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि मनाई

**बालोद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बालोद द्वारा इकाई बालोद कन्या महाविद्यालय व इकाई अर्जुन्दा आत्मानंद कन्या विद्यालय में रानी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि मनाई गई।
जिला संयोजक मनीषा राणा ने छात्राओं को सशक्त नारी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए रानी अहिल्या बाई के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला संयोजक मनीषा राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य्य दीपेश साहू, बालोद इकाई से मुस्कान मनहर, देवेन्द्र साहू, मयंक साहू, ओमसिंह निषाद, सौरभ मार्कण्डे, नगर इकाई अर्जुनदा से रेणुका कांशी, प्रीति शंकर, रश्मि कुर्रे, ममता साहू उपस्थित थे।

### शहीद घनश्याम सिंह गुप्त की मूर्ति स्थापित करने की मांग



**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद में शहीद घनश्याम सिंह गुप्त की मूर्ति स्थापित करने की मांग पुनः उठने लगी है। बालोद महाविद्यालय को दुर्ग संभाग के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी के नाम से शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय रखा गया है। महाविद्यालय बने के 41 साल होने के बावजूद और महाविद्यालय भवन बनने के 24 सालों के बावजूद शहीद घनश्याम गुप्ता की मूर्ति नहीं लगी है और न ही उनके बारे में कॉलेज प्रशासन ने कोई जानकारी प्रदर्शित की है। छात्र नेता देवेन्द्र साहू ने कहा कि ऐसे में शहीदों के सम्मान में और आने वाली पीढी को आजादी की लड़ाई में सम्मिलित होने वाले स्वतंत्रता सेनानी के बारे में जानकारी मिले, इसके लिए यह मुद्दा उठाया है। यह मुद्दा 2 सालों से उठ रहा है फिर भी महाविद्यालय प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। श्री साहू ने बताया कि इसके लिए 2.20 लाख रुपए अलग रखा गया है। इसके बावजूद उस पैसे को महाविद्यालय प्रशासन उपयोग नहीं किया जा रहा है। कॉलेज के छात्रों ने 7 दिनों का समय दिया है, उसके बाद प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई है।

## पेज 9 के शेष

### आकार लेने लगीं ...

के कारण कई समितियों को मना करना पड़ रहा है। मूर्तिकार रुपेश और डोमेन्द्र कुम्भकार ने बताया कि उनके पास 151 रूपये से लेकर 51000 रूपये तक की मूर्ति निर्माण की मांग आई है। वहीं, निर्माण कार्य लगातार चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार बालोद, दल्लीराजहरा, कांकेर, भानुप्रतापुर की समितियों द्वारा बड़ी मूर्तियों की मांग की गई है, जिसका निर्माण जारी है। मूर्तिकारों ने बताया कि समय कम होने और ज्यादा मांग होने के कारण अब आर्डर लेना बंद कर दिया है तथा कई ग्राहकों को वापस मना करना पड़ रहा है।

## बैठक : कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# निर्धारित समय सीमा में पूरा करें सभी योजनाओं का क्रियान्वयन : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर निर्धारित समयावधि में शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर अपने–अपने विभागों के योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का भी पड़ताल कर सकेंगे। इसके अलावा विभाग प्रमुखों के फील्ड में नियमित रूप से दौरा करने से प्रशासनिक कसावट भी सुनिश्चित होगा।




### आवासीय आश्रम छात्रावासों में अधीक्षक भी निवास करें

चन्द्रवाल ने जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को जिले के सभी आवासीय आश्रम छात्रावासों में अधीक्षक–अधीक्षिकाओं की अनिवार्य रूप से निवास सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों के का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की।

### हुच्चेटोला व कुदारी दल्ली में बनेंगे नए शाला भवनः

बैठक में चन्द्रवाल ने ग्राम हुच्चेटोला में ग्राम कुदारी दल्ली में प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के भवनों की स्थिति ठीक नहीं पाए जाने पर तत्काल इसे डिसमेंटल कर उनके स्थान पर नए भवनों के निर्माण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम कुदारी दल्ली में बारहमासी आवागमन के लिए छोटे पुल निर्माण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राम हुच्चेटोला में जाकर ग्रामीणों की आय को दोगुनी करने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी से शालाओं में बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पद स्थापना करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के डायरिया प्रभावित गांवों एवं नगरी क्षेत्रों में डायरिया एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए किए गए उपायों की जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने कार्यपालन अभियंता पीएचई को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए पुरानी पाइप को बदल कर नई पाइप लगाने के निर्देश दिए।

## कलंगपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मनाया विश्व युवा दिवस




हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डीएल साहू, वाईके साहू, डीके साहू, एस सिंघारे, केएल कुर्रे, आरएन साहू, एचएल साहू, तोषमिता मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर अपने–अपने विचार रखे तथा स्वामी विवेकानंद पर प्रेरणा स्त्रोत उद्बोधन दिए। हर घर तिरंगा रैली का आयोजन ग्राम कलंगपुर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरती हुए बाजार चौक व बस स्टैंड तक पहुंची जहां आजादी का अमृत महोत्सव आयोजित किया गया। सभी भारतीयों को अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही नशा मुक्त भारत निर्माण की शपथ ली। कार्यक्रम में पीटीआई टीआर साहू, वीके साहू, टीसी मंडावी, यूके साहू, आरके साहू, एम टंडन, एम धाबे, आर मालवीय, एस विश्वास, एस देवांगन, केएम महेश्वरी, एम धुरव का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। प्राचार्य टीएस कोल्हे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का संचालन आरएन साहू ने किया।

## दुनिया को नई दिशा देता है युवाओं का उत्साह, नशा खराब करता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

■ मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला में मना अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

युवाओं का उत्साह और ऊर्जा दुनिया को नई दिशा देती है और यही युवा ही राष्ट्र निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते हैं। साथ ही यही युवा अगर गलत आदतों में पड़ते हैं, तो अपना और अपने परिवार के साथ देश का नाम भी खराब कर देते हैं। 12 अगस्त सोमवार को मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना(दे) के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती ने इस कार्यक्रम के अवसर पर युवाओं को नशीली सामग्री से बचाव व गलत आदतों से व एड्स से बचने किए जागरूक किया गया। साथ ही युवाओं को एकता व साहस ऊर्जा के बारे में भी बताए। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. यशवंत साव ने भी युवाओं के एकता व संगठन के बारे में बताए। विद्यालय के शिक्षक व स्वयं सेवक तुषार, धारणा, भारती, खिलजा, सतीश, गजेंद्र, लोचन, ऋतु, टाकेश नीलकंठ, धात्री, नेहा मुकुंद, कौशल, धनजय, डुमेश का विशेष योगदान रहा।

## शैलदेवी महाविद्यालय में हुई एक दिवसीय राखी निर्माण कार्यशाला

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में शिक्षा संकाय द्वारा एक दिवसीय राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत अनाज, फल, सब्जियों के बीज, एवं मौलीधागा से फैंसी राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। यह वर्कशॉप महाविद्यालय के गंगोत्री भवन में आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में अध्यनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपने भाइयों को स्नेह डोर में बांधने के लिए विभिन्न प्रकार के सुंदर-सुंदर राखियों का निर्माण किया। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा सभी प्रतिभागियों को राखी निर्माण की विधियां समझाई गई। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को अनाज, फल, सब्जियों के बीज एवं मौलीधागा से निर्मित फैंसी राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।



## आंगनबाड़ी केंद्र में समस्याओं का अंबार

### ग्राम नंगूटोला व भीमटोला के ग्रामीणों ने सुपरवाइजर को हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कई आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति अत्यधिक खराब है वहीं विभागीय अधिकारियों का समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वनांचल के ग्राम नंगूटोला, ग्राम पंचायत भीमटोला के आंगनबाड़ी केंद्र में व्यवस्थाओं की पूर्णतः कमी है। इसकी जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी के नेताओ से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही आम आदमी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी पंकज जैन, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र गांवरे,ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष सुखित राम नायक सहित आप नेताओं ने ग्राम पहुंच स्थिति का जायजा लिया। जहां ग्राम पटेल आशिब खान ,रूपन लाल,रमजान सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी केंद्र में अव्यवस्था व असुरक्षा की स्थिति गंभीर है। बिजली का कनेक्शन खंबे से न करके तार से किया गया है, जो कि हवा तूफान आने से नीचे गिरने का खतरा बना हुआ है।



इसी तरह केंद्र में बाउंड्री सिर्फ सामने की तरफ है, जबकि दोनों तरफ खाली है। वहीं, एक मिट्टी की दीवार है, जिसके बारिश के समय गिरने का खतरा बना हुआ है। केंद्र में बना शौचालय ब्लॉक हो चुका है, उसका दरवाजा भी टूटा हुआ है, खिड़की की हालत खस्ता हो चुकी है। वहीं, पीने के पानी वाली जगह पर इतनी गंदगी है कि मानो पोषण से ज्यादा बीमारी का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव में हटाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी पंकज जैन ने कहा कि अधिकारियों को समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है।

## धोबी समाज के बेटा-बेटी परिचय सम्मेलन में ही तय हो गए दो रिश्ते






**अंडा।** शहर जिला धोबी समाज का विवाह योग्य बेटा-बेटी परिचय सम्मेलन राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर में धोबी समाज के संरक्षक कंगालु राम बरेठ के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर विवाह योग्य बेटा बेटियों ने अपना परिचय दिया।

वहीं, अभिभावकों के उपस्थित होने कारण दो रिश्ते मंच पर ही तय हो गए। समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता अमन निर्मलकर ने बताया कि इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर को लोगों ने जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं और केक काटा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बेहिचक पैतृक व्यवसाय को अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में बिलासपुर जिला संरक्षक भागबली निर्मलकर, मंदिर हसौद के संरक्षक धरम लाल निर्मलकर, अध्यक्ष लीलू निर्मलकर, रायगढ़ जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन, बिलासपुर जिला अध्यक्ष प्रभात सोनछत्र, युवा कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर सहित सभी जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन का संचालन महिला विंग की प्रदेश संगठन मंत्री पंच देवी निर्मलकर, अमरूराम निर्मलकर व वीरेंद्र कर्ष ने तथा आभार प्रदर्शन रायपुर जिला अध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

## नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ़ नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नया रायपुर स्थित तुता धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें नगर सहित जिले के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

धरना स्थल पर नगरी निकायों के विभिन्न नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत से आए बड़े संख्या में कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन में शामिल होकर धरने को सफल बनाया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा द्वारा तुता धरना स्थल पर आकर नगरी निकाय कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। धरना स्थल पर आए कर्मचारियों ने अपना आक्रोश दिखाते हुए छत्तीसगढ़ शासन को संकेत दिया है कि छत्तीसगढ़ शासन यदि उनके समय पर वेतन भुगतान और पुरानी पेंशन योजना की बहाली, ठेका प्रथा बंद करने जैसी अन्य समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आने वाले समय में वह नगरी निकाय चुनाव का बहिष्कार अपने परिवार सहित करेंगे तथा मजबूरीवश अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा कदम भी उठाएंगे। हड़ताल में अंबिकापुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, जगदलपुर संभाग के नगरी निकायों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## पेंशनर भवन गुरुर में फर्शीकरण के लिए दी गई सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन पुरुर में रखी गई। अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि पेंशनरों के सहयोग से पेंशनर भवन गुरुर में बोर खनन के पश्चात पम्प स्थापित कर दिया गया है। टंकी और नल फिटिंग हो गया है। उपयोग के लिए पर्याप्त पानी है, प्रांगण में फर्शीकरण के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है।

ललित कुमार साहू, सुदामा राम तुरतुरिया, सुमेन्द्र कुमार साहू व सुलोचना साहू का नये पेंशनर सदस्य के रुप में अभिनन्दन किया गया। सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार एसएल साहू ने अध्यात्म की ओर ध्यान आकृष्ट किया। बैठक को पूर्व अध्यक्ष नेमसिंह साहू, उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया एवं संरक्षक जीके साहू ने भी संबोधित किया। फर्शीकरण के लिए बालाराम सोनवानी ठेकवाडीह, छबिलाल साहू अरकार, टीआर.नागवंशी पुरुर, ललित कुमार साहू, सुदामा राम तुरतुरिया, बहोरन सिंह साहू, रामकुंवर ने आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही मंतराम राजपुरिया उपाध्यक्ष, एलएस.साहू ने भी सहयोग देने की घोषणा की। बैठक में संरक्षक नेमसिंह साहू, सम्मेराम यादव कोषाध्यक्ष, बीआर.दीवान, एनूराम सोनवानी, बीएस.अठनागर, भीखमलाल साहू, हेमनाथ विश्वकर्मा, पुनूराम गुरुपंच, इन्द्रेश कुमार देवांगन, राधेश्याम मिथिलेश, जगत राम गजपल्ला, दिगम्बर सिंह वर्मा, प्रेम लाल साहू, शत्रुघन लाल सिन्हा, रूपराम साहू, तीजराम नेताम, दयाशंकर, सुमेन्द्र कुमार साहू, इन्दल सिंह साहू, रेखराम वारदेय, केशव राम साहू, संतराम नागवंशी, नारद राम सिन्हा, उत्तम कुमार पटेल, महेंद्र कुमार सोनवानी, सुखराम साहू, भीखमसिंह सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव गांधी राम साहू तथा आभार प्रदर्शन मंतराम राजपुरिया ने किया।

## गुरुर ब्लाक के ग्राम बड़भूम पहुँचे मंत्री से पत्रकारों ने की मुलाकात

# कोंटा टीआई पर कार्रवाई के लिए मंत्री कश्यप का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पत्रकारों के वाहन में गांजा रखकर फंसाने के आरोप में सरकार द्वारा कोंटा थाना प्रभारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर जहाँ स्थानीय और प्रदेशभर के पत्रकार 04 पत्रकारों के समर्थन में डटे रहे और मामले की निष्पक्षता से जाँचकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही थी।

वहीं, इस पूरे मामले को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। जिसके बाद थाना प्रभारी अजय सोनकर के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं इस पूरे मामले पर मंत्री केदार कश्यप का बालोद जिले दौरे के दौरान जिला प्रेस क्लब ने पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई एवं




धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें कि कोंटा थाना प्रभारी अजय सोनकर पर आरोप है कि उन्होंने आंध्रप्रदेश पुलिस के साथ मिलकर पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रखवाकर और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया। यह घटना तब हुई जब पत्रकार अवैध रेत की रिपोर्टिंग के लिए कोंटा सीमा पर आंध्र प्रदेश के चट्टी इलाके में पहुँचे थे। जिस पर सरकार द्वारा पत्रकार हित में बड़ी कार्यवाही की गई हैं।

वही बुधवार को बालोद दौरे पर गुरुर ब्लाक के ग्राम बड़भूम पहुँचे मंत्री केदार कश्यप से मिलकर पत्रकारों ने सरकार द्वारा पत्रकारों के हितों की रक्षा करते हुए इस बड़ी कार्यवाही पर जिला प्रेस क्लब बालोद के माध्यम से मंत्री केदार कश्यप को पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष संतोष साहू, मोहनदास मानिकपुरी, ओमप्रकाश टुवानी, राहुल भूतड़ा, रवि भूतड़ा, किशोर साहू, दानवीर साहू, जागेश्वर सिन्हा, जगन्नाथ साहू, दुलार साहू, देवेंद्र साहू, सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

## विधायक निषाद ने किया डायरिया प्रभावित सिकोसा व पैरी का दौरा



**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवरसिंह निषाद ने सोमवार को डायरिया प्रभावित ग्राम सिकोसा एवं पैरी का दौरा कर खंड चिकित्सा अधिकारी एस.मारकण्डे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्टाफ से वस्तु स्थिति का जायजा लिया।

उक्त दोनों ग्रामों में स्थिति अभी नियंत्रण में है फिर भी पेयजल एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। विधायक के साथ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू, जनपद सदस्य रमादेवी ठाकुर, सरपंच रूपम देशमुख, विधायक प्रतिनिधि तरुण पारकर, नरेंद्र सोनबोइर, सागर साहू, गोलू महाराज, रोशन पटेल, सुखित लहरे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### डीएवी स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा यूनियन बैंक द्वारा आयोजित एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत डीएवी स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक वासुदेव मंडल ने हरेली, हरियाली व पर्यावरण को लेकर विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए। कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 औषधीय और फलदायी पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक दल्लीराजहरा शाखा प्रबंधक वासु देव मंडल, डीएवी स्कूल के सीनियर एक्जीक्यूटिव अरूण कुमार, शिक्षक और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### विकास बने शाला विकास समिति कलंगपुर के अध्यक्ष

**बालोद/कलंगपुर।** प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन पर जिला



मंडल द्वारा विकास जैन को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर के शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। जैन के अध्यक्ष नियुक्त होने पर विद्यालय सहित पालक व ग्रामीण जन दिलीप कुल्हाड़े, सुफल कुल्हाड़े, सतीस साहू, सुखचरण कुल्हाड़े, वेद प्रकाश साहू, राजू सिन्हा, डिलेश्वर साहू, रोशन साहू, मनीष सिन्हा, रेखलाल मारकंडे, टीजउ मारकंडे, चंद्रेश जैन, खेम चंद जैन, भीखाराम साहू, खेमलाल साहू, डोंगरमल जैन, प्रमोद सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, जितेंद्र जैन, अजय जैन ने हर्ष व्यक्त किया।

### मुख्य सचिव ने ली बैठक

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शनिवार को मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संभागायुक्तों और कलेक्टर्स की बैठक ली।

## निधन

### भरत लाल साहू



**डौंडीलोहारा।** सादा जीवन उच्च विचार की भावना को आत्मसात करने वाले सेवानिवृत्त व्याख्याता अछोली निवासी भरत लाल साहू पिता हगरु राम साहू 84 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। वे कबीर नवजागरण समिति के सर्वराकार के रूप में जीवन पर्यंत एक समाजसेवी की भूमिका निभाते रहे।

### अश्वनी कुमार यादव



**बालोद/निकुम।** ग्राम खुर्सीपार निवासी अश्वनी कुमार यादव (26 वर्ष) का 18 अगस्त हो निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खुर्सीपार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## बैठक : कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्कूली शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में बच्चों के दर्ज संख्या के आधार पर शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में बैठक ली।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षा एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को जिले में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया को शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर निर्धारित समयावधि में पारदर्शी तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने जिले के शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं के संख्या एवं वर्तमान में इन शालाओं में सुचारू रूप से अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु किए गए उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में सुचारू रूप से अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था कराने हेतु अन्य शालाओं से शिक्षक–शिक्षिकाओं का संलग्नीकरण किया गया है। जिसके फलस्वरूप जिले के सभी शालाओं में अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने राज्य शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय समिति गठित करने की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष होंगे एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को समिति का सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव होंगे।



**निर्धारित समय पर पूरी करें युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया**

इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विकासखण्ड स्तरीय समिति का अध्यक्ष बनाया गया है एवं संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड स्तरीय समिति के सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत 30 विद्यार्थियों पर 01 शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। बैठक में राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सेजेस विद्यालय में शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष जयेश ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष जयेश ठाकुर ने ध्वजारोहण किया।

संस्था के प्राचार्य डीआर देवहरे ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयेश ठाकुर ने आजादी को बचाये रखने मिलजुलकर देशहित में काम करने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य देवहरे, शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य पार्षद माया जयेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सरोज पटेल, मनभोतीन बाई, लतेल कंवर, कुंती बाई, स्टाफ एनआर देशमुख व्याख्याता, रोहिणी नायक, प्रीतम कुमार कँवर, सीमा सुशील जामवंते व्याख्याता, विभा चंद्राकर प्रधान पाठक माध्यमिक शाला, अभिषेक शुक्ला प्रधान पाठक प्राथमिक शाला एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इससे पहले विद्यार्थियों ने गांव में रैली निकाली। वहीं, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान हायर सेकेंडरी में प्रथम प्रियांशी गुप्ता, द्वितीय खुशी देवांगन एवं हाई स्कूल स्तर में प्रथम सिद्धांत जोगी, द्वितीय आँचल चुरेन्द्र को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मंजू ताम्रकर एवं गुलशन साहू तथा आभार व्यक्त एमडी साहू व्याख्याता ने किया।

## झरन मैया कुंड के जल से किया शिवजी का अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

निको माईनिंग कम्पनी गिधाली द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शिव चण्डी मंदिर कुसुमकसा से पूजा अर्चना कर कांवड़ यात्रियों में महिला पुरुष एवं बच्चों ने कांवड़ लेकर कुसुमकसा से दल्लीराजहरा की ओर प्रस्थान किया।

कांवरियों ने झरन मैया कुण्ड से जल लेकर वापस कुसुमकसा पहुंचे, जहां स्थित शिव मंदिर में जल अर्पित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निको माईनिंग कम्पनी गिधाली द्वारा भव्य मंच पंडाल सहित कावड़ियों पुर पुष्पवर्षा की गई। भक्तजनों एवं कांवड़ियों के लिए स्वल्पाहार एवं फलाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राम जानकी सेवा समिति के पदाधिकारी व जनपद सदस्य संजय बैस, समिति के अध्यक्ष गौरी शंकर साहू के साथ साथ विशेषरूप से डॉ.भूपेन्द्र मिश्रा, विरेन्द्र सिन्हा, दिनेश जैन, कमलकांत साहू, मनोज गुप्ता, पंकज जेठवानी, मोती कोसरिया, पुनम सिन्हा, देवेश सिन्हा, विनोद सोनी आदि कावड यात्रा के सफल संचालन में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कम्पनी के महाप्रबंधक ललित दरवलकर सहित सहायक महाप्रबंधक आर.पी. देवांगन, सहायक प्रबंधक कुनेन्द्र पटेल, सी.एस.आर. अधिकारी कुशल ठाकर सहायक प्रबंधक संजय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## नगर की महिलाओं ने जवानों को बांधी राखी

**दल्लीराजहरा।** सोमवार को रक्षाबंधन का त्यौहार प्राचीन परंपरा के अनुसार धार्मिक नगरी दल्लीराजहरा में मनाया जाएगा। इसे लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

शहर में राखी के साथ ही मिठाइयों तथा कपड़ों के साथ ही अन्य दुकानें सज गई हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रही हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है, जिसमें बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। बदले में, भाई अपनी बहनों की रक्षा का वचन देते हैं और उन्हें उपहार देते हैं। यह त्यौहार भारतीय संस्कृति में प्रेम, सुरक्षा, और आपसी विश्वास का प्रतीक है, जिसे दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाता है। इससे पहले रविवार को दल्ली राजहरा की महिलाओं ने रक्षाबंधन का पर्व सैनिकों के साथ मनाया। केवटी रावघाट रेल परियोजना सुरक्षा में तैनात सशस्त्र सीमा बल के 200 सैनिकों व दल्ली राजहरा के रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स के 50 जवानों को महिलाओं ने राखी बांधी।



## सीएमओ एवं उप अभियंता कार्यालय से नदारद

### नगरवासी व ग्रामीण कार्य पूरा कराने भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



▪ उप मुख्यमंत्री और कलेक्टर से शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

भाजपा शासन में ही भाजपा के जनप्रतिनिधि प्रशासन से प्रताड़ित हो रहे हैं। बार बार लिखित शिकायत व मौखिक जानकारी देने के बाद भी न स्थिति सुधर रही है और न ही कार्यवाही हो रही है। नतीजा यह है कि अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और निर्वाचित जनप्रतिनिधि अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।

मामला नगर पंचायत गुरूर का है, यहां कांग्रेस की सत्ता है, नेता प्रतिपक्ष भाजपा के चिंता राम साहू है। चिंताराम साहू ने बताया यहां पदस्थ सीएमओ एवं उप अभियंता दोनों ही कार्यालय से नदारद रहते हैं। उन्होंने बताया कि सीएमओ का मुख्यालय में निवास जरूरी है, लेकिन वे मुख्यालय में नहीं रहते। सप्ताह में एक दिन आते हैं, कभी कभी तो एक दिन भी नहीं आते। इससे लोगों को कार्य के लिए भटकना पड़ता है। चार माह बाद चुनाव होने हैं, हम नगरवासियों के कार्य नहीं करा पा रहे हैं। छोटे छोटे कार्य के लिए नगरवासी भटक रहे हैं। सीएमओ सप्ताह में एक दिन आते भी है तो लोगों से मिलते नहीं है, जनता लगातार शिकायत कर रही है। चिंताराम ने बताया कई बार कहने के बाद भी जब सीएमओ नियमित कार्यालय नहीं आते तो मैने जनवरी 2024 मे विभागीय मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरूण साव से लिखित शिकायत की। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के कारण कार्यवाही नहीं हुई। लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर उपमुख्यमंत्री से लिखित शिकायत की गई, लेकिन तार दो बार शिकायत के बाद भी स्थिति नहीं सुधरी।

चिंताराम साहू ने बताया कि उन्होंने जिलाधीश से भी लिखित शिकायत की है, लेकिन उसके बाद भी कोई सुधार नहीं आया है। सीएमओ शासकीय आयोजनों में भी लगातार अनुपस्थित रहते हैं, शिकायत पत्र में बताया गया कि 27 जुलाई से 10 अगस्त तक चले जन समस्या निवारण शिविर में भी वे गिनती के दो तीन दिन ही उपस्थित रहे, वे लगातार अनुपस्थित रहे। अध्यक्ष महिमा साहू ने कहा सीएमओ मुख्यालय में नहीं रहते। फोन करने पर फोन नहीं उठाते। सप्ताह में एक दिन आते हैं, इससे नगर पंचायत का कार्य प्रभावित हो रहा है।

**न्यायालीन कार्य से सीएमओ बाहर**

शुक्रवार को न्यायालीन कार्य से सीएमओ बाहर है, इसलिए नहीं आए। विभाग में बहुत से कार्य रहता है। शायद इसलिए सीएमओ कार्यालय नहीं आते होंगे। मुख्यालय में नहीं रहने के मामले में परीक्षण कराती हूं।

- **प्राची ठाकुर,** एसडीएम

## संत विनोबा भावे कृषि कालेज मर्रा में मना स्वतंत्रता दिवस



**जामगांव आर।** संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा (पाटन) में राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं संप्रभुता की शक्ति के प्रतीक लोकतंत्र के महापर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र–छात्राओं तथा अधिकारी व कर्मचारियों को पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करने को कहा। कार्यक्रम को डा अजय वर्मा, पतंजलि योग समिति के ब्लाक अध्यक्ष लालाराम वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. ए कुरैशी, डॉ.सी.आर.नेताम, डॉ.ऐन. के.तुर्रे, डॉ.दीपिका देवदास, ऐच.के.साहू, प्रवीण कुमार साहू पूर्व सरपंच तुलाराम वर्मा तरुण चंद्राकर उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ. सुशीला ने किया।

## विद्यार्थियों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 12 अगस्त को संस्था में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस एवं हाथी सुरक्षा पर चित्र प्रतियोगिता कार्यक्रम हुआ, साथ ही छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके पूर्व संस्था के छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा रैली में भी भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि अंतराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के उद्देश्य एवं राष्ट्र, समाज के लिए युवाओं की उपयोगिता, नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया एवं बच्चों को नशा के नुकसान बताये साथ ही हाथी के सुरक्षा से संबंधित जानकारी दिये एवं वन्य जीवों को नुकसान न पहुंचाने की बात कही। उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य बताया, तत्पश्चात संस्था के बरिष्ठ व्याख्याता आरएस देशमुख ने युवाओं को प्रेरित किया, साथ ही एचआईवी. (एड्स) से बचने के उपाय बताये।

इस कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एनएस डडसेना, विरेन्द्र देशलहरे, बीके कोशले, पंकज सोनी, भागवत साहू, वंदना शर्मा, नियोगी, महेंद्र पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चन्द्र पटेल ने किया।





## उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका सम्मानित



**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इसमें रेडक्रॉस के माध्यम से टीबी उन्मूलन, पौधाक्षारोपण, रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला प्रतिभा त्रिपाठी को सांसद विजय बघेल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक आरके हिरवानी एवं समस्त शिक्षक एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी।

### स्वतंत्रता दिवस पर सौरभ सम्मानित



**डौंडीलोहारा।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इसमें रेडक्रॉस के माध्यम से टीबी उन्मूलन, वृक्षारोपण, रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए स्पोर्ट्स टीचर एवं रेडक्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा को सांसद विजय बघेल ने शस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर, समस्त शिक्षक एवं आमजनों ने शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सौरभ शर्मा ने सभी अधिकारियों का आभार जताया है।




## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करे केंद्र सरकार : डॉ टुवानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



विगत दिनों कोलकाता स्थित कॉलेज में महिला पीजी डॉक्टर के साथ जो सामूहिक बलात्कार की घटना हुई, उसे भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने अमानवीय बताते हुए इसकी कड़ी निन्दा की है।

उन्होंने कहा कि कोई पीजी डॉक्टर 36 घंटे इमरजेंसी ड्यूटी करके अपने ही कॉलेज के सेमिनार रूम में आराम करने जाती है और उसके साथ इतनी भयानक घटना होती है, जो इंसानियत को शर्मसार कर दे। साथ ही साथ इस घटना को लीपापोती करते हुए सुबह उसके घरवालों को झूठ बताया जाता है, कि उसने सुसाइड कर लिया है और तो और उसके माता-पिता को उसका चेहरा भी नहीं दिखाया जाता है। इसका मतलब तो यही है कि इसमें कॉलेज प्रशासन और पश्चिम बंगाल की सरकार के साथ वहां का पुलिस प्रशासन भी इन्वॉल्व है। इससे यह समझ में आता है कि पश्चिम बंगाल में अब महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। डॉ टुवानी ने केंद्र सरकार से अपील की है कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाए और डॉक्टर के हत्यारों और बलात्कारियों को तत्काल ही कड़ी सजा दी जाए।

## जिला बैडमिंटन में रायपुर का दबदबा

**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ जांजगीर चांपा द्वारा 23 वीं राज्य सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 12 से 16 अगस्त तक चांपा में आयोजित की गई। पुरुष युगल में विजेता सुजोय तंबोली-आयुष माखीजा, महिला एकल में विजेता हेरल चौहान, मिश्रित युगल में विजेता आयुष माखीजा-हेरल चौहान रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की अध्यक्ष बनीं आयशा

**बालोद।** नगर के कबीर मंदिर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में बालोद जिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का चुनाव हुआ। नये अध्यक्ष का दायित्व आयशा खान, कार्यकारिणी कुलेश्वरी साहू, महामंत्री माधुरी रथ और कोषाध्यक्ष सुनीता साहू को मिला है। अधिवेशन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की समस्याओं से संबंधित विभिन्न प्रस्ताव भी पारित किए गए। अधिवेशन में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की प्रदेश महामंत्री अंजू पटेल, भारतीय मजदूर संघ में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरोत्तम घृतलहरे, विभाग प्रमुख बालोद जिला एमपी सिंग और भारतीय मजदूर संघ बालोद जिला मंत्री मुश्ताक अहमद एवं सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की उपस्थिति रही।

### कुम्हली में अखण्ड रामनाम जाप जारी



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत मोखा के आश्रित गांव कुम्हली में 17 अगस्त से तीन दिवसीय अखण्ड रामनाम जाप का आयोजन किया जा रहा है। जहां गांव के महिलाएं, पुरुषों सहित युवाओं का इसमे योगदान रहता है, गांव के सभी लोग क्रमबद्ध टोली बनाकर मंच में बैठकर रामायण पाठ करते हुए लगातार तीन दिनों तक रामनाम का जाप किया जा रहा है। बताया गया कि अखण्ड रामायण का आयोजन इस गांव में तकरीबन 30 वर्षों से करते आ रहे हैं, यह आयोजन प्रतिवर्ष रक्षाबंधन पर्व के दो दिन पहले शुरू किया जाता है और रक्षाबंधन के दिन समापन होता है, उक्त आयोजन गांव के सुख समृद्धि की कामना हेतु किया जाता है।

### सेजस बेल्हारी में राठी परिवार ने करवाया न्योता भोज



**जामगांव आर।** सेजस बेल्हारी में संजय राठी एवं अजय राठी बेल्हारी निवासी व्यवसायी ने अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय सोहन लाल राठी की पुण्यतिथि पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, सरपंच जितेश्वरी साहू, अमित अग्रवाल, संतोष राठी, बीएल कौशिक, पीके साहू, लीलाधर सूर्यवंशी एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य वाईके साहू ने राठी परिवार द्वारा विद्यार्थियों को संतुलित पोषण आहार उपलब्ध कराने की अनुकरणीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया। इस योजना के अंतर्गत विद्यालय के लगभग 400 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**दुर्ग।** सनातन हिन्दू समाज के बैनर तले किए गए प्रदर्शन में लोगों का क्रोध पश्चिम बंगाल सरकार पर फूटा। समाज के लोगों ने आज रानी लक्ष्मीबाई चौक पर सनातन धर्म विरोधी महिला विरोधी तानाशाही ममता बेनर्जी का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया। समाज के सदस्यों देवेश मिश्रा विनोद उरकूड़े सीताराम ठाकुर, सुनील साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकार अभिषेक शर्मा, कमलेश नागरची ने बताया कि, वर्तमान में जिस प्रकार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री लगातार सनातन धर्म विरोधी बयान देकर हिन्दू देवी देवताओं व हिन्दू समाज के विरुद्ध कार्य कर रही है।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

अनावरण : स्वतंत्रता दिवस पर किया गया लोकार्पण

# नारागांव के 4 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्थापित प्रतिमाओं का किया आनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम नारागाँव में 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों के परिवारों और ग्रामीणों ने 4 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों का अनावरण किया। जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर ग्राम नारागांव जिले में एक अलग ही पहचान रखती है, नारागाँव चार स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की जन्मभूमि भी है, जिनका समाधी स्थल आज भी लोगों को कुर्बानियों की याद दिलाता है। उनकी शहादत की याद में मूर्ति स्थापित कर समाधी स्थल का निर्माण किया गया है।

ग्राम नारागाँव के चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने पंडित सुंदरलाल शर्मा के साथ सन् 1930 में रायपुर में मिलकर आंदोलन किया था। उसके बाद रायपुर से वापस आकर धमतरी जिले के रुद्री में जंगल सत्याग्रह आंदोलन इन सवतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जारी रखा था। वहीं इस आंदोलन के दरमियान अंग्रेजो ने पंडित सुंदरलाल शर्मा को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद अंग्रेजों द्वारा इन चार आंदोलनकारियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। जिन्हें अंग्रेजों के शासन काल में दुर्ग जेल में रखा गया था। जिनमें नारागाँव के चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुकालू राम करियाम, बिसाहू गावड़े, सुरजूराम मंडावी, पीताम्बर मंडावी शामिल थे। जिनकी शहादत के पश्चात उनके पार्थिव शरीर को गाँव के पटेल मैदान में समाधी स्थल बनाकर रखा गया है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहीद परिवार से कुंती ठाकुर, पेखन गावड़े, सुरजा मंडावी, सुदामा मंडावी, सरपंच प्रतिमा मंडावी, उप सरपंच हेमलाल साहू, सचिव यशवंत नेताम, कोतवाल रोहित बेसरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थिति थे।



### शहीदों के परिजनों ने किया प्रतिमा का अनावरण

जहाँ अब समाधी स्थल पर प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा शहीदों के परिवार के परिजनों को आमंत्रित किया गया था और उनके कर कमलों से प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहीद परिवार के परिजनों का सम्मान जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में 78 वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अरुण कुमार साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष राकेश बाफना एवं शाला वरिष्ठ शिक्षकों ने महापुरुषों और बालोद जिले के शहीद जवानों के चित्र पर माल्यार्पण किया।

प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने ध्वजारोहण किया। इस समारोह में 2024 की बोर्ड परीक्षा में राज्य की 10 वीं बोर्ड की मेरिट सूची में चौथे स्थान में शामिल डॉली साहू तथा शाला में बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मनीष सोनकर, निखिल साहू, तुषार डोंगरी, डिम्पल गावरे, विद्या यादव, पायल सिन्हा तथा अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था में संचालित स्वामी विवेकानंद रोवर्स क्रू ने नेमसिंह साहू (हिमालय वुड बैज) रोवर स्काउट लीडर के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित स्वतन्त्रता दिवस समारोह के जिला स्तरीय मार्च पास्ट परेड में हिस्सा लिया और जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस हेतु उन्हें शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, जिसे सीनियर रोवर मैट प्रवीण सोनकर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग के हाथों ग्रहण किया, मार्च पास्ट में शाला में संचालित अहिल्या बाई होलकर गाइड दल ने अपने दल नायिका डिम्पल गावरे के साथ और एनसीसी कैडेट्स ने भी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही सामूहिक नृत्य कैटेगरी में संस्था के कुल 120 छात्र और छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

## पेड़ को राखी बांधकर दे रहे पर्यावरण का संदेश



**बालोद।** पर्यावरण प्रेमी भोज साहू कबाड़ से जुगाड़ कर 5 फीट लंबी और 5 फीट चौड़ी राखी बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

भाई बहन के प्यार का अटूट बन्धन रक्षाबंधन पर भाई की कलाईयों पर बहन राखी बांधती हैं, वहीं जिले के पर्यावरण प्रेमी भोज साहू कबाड़ से जुगाड़ से साइकिल के रिंग, स्पोक व पुराने कपड़े से 5 फीट लंबी व 5 फीट चौड़ी राखी तैयार की है जो तिरंगे की थीम है। इस राखी में पर्यावरण संरक्षण का संदेश लिखकर सड़क किनारे लगा दिया है, जो राहगीरों के ध्यान खींच रहे हैं व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इस तरह राखी लगाने के बारे में पर्यावरण प्रेमी भोज साहू का कहना है जिस तरह बहन अपने भाई के हाथों में राखी बांधती हैं, फिर भाई बहन के रक्षा करने के लिए सदैव तैयार रहती हैं, उसी तरह हमें अपने पेड़-पौधों को राखी बांधकर रक्षा करने की आवश्यकता है। आज बढ़ती जनसंख्या व घटते जंगल बहुत बड़ी समस्या है। इसलिए पेड़ पौधे उनकी लगाकर रक्षा करने के लिए संकल्पित अत्यंत आवश्यक है। यही संदेश देते हुए सड़क किनारे नीम के पेड़ पर बड़ी राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

## शासकीय विद्यालय मुंदेरा में मनाया गया रक्षाबंधन



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी बनाओ एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों ने कबाड़ की वस्तुओं से सुंदर-सुंदर राखियां बनाई एवं अपने द्वारा बनाई गई राखियों को रक्षा सूत्र के रूप में अपने भाइयों को बांधा।

राखी बनाने की प्रतियोगिता में रेड ग्रुप प्रथम एवं ग्रीन ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहे, इसी प्रकार थाल सजा प्रतियोगिता में येलो ग्रुप प्रथम एवं ब्लू ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहे, इस प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला से थलेंद्र कुमार साहू शिक्षक एवं भगवती साहू शिक्षिका निर्णायक की भूमिका अदा किया गया। इस अवसर प्रधान पाठिका रेखा उईके, जीवन राम साहू, एमन सिंह साहू एवं दीपक कुमार महोबिया ग्रुप मेंटर के रूप में उपस्थित थे।

## अकतई में हुई एकदिवसीय कबड्डी स्पर्धा, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





ग्राम अकतई में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष एवं सूरपा सोसायटी अध्यक्ष नारद साहू थे।

उद्घाटन मंच पर जनपद सदस्य पाटन रवि सिन्हा, बुथ अध्यक्ष विष्णु साहू, सुनील बमभोले, भूपेंद्र साहू, संजू साहू, राजेंद्र सिन्हा, केदार चंद्राकर, खिलेंद्र ठाकुर, गजानंद ठाकुर, पंकज साहू, योगेश उपाध्याय, टिकम ठाकुर, गज्जु ठाकुर, टिकम यादव मंचासिन रहे। खेल का प्रारंभ ग्राम गातापार कब्बड्डी टीम और खुंदनी की टीम से हुई। मुख्य अतिथि नारद साहू ने टास कर कबड्डी शुरू कराई। मुख्य अतिथि भाजपा युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि कबड्डी का खेल जीवन में चौकन्ना रहकर जीने की कला सिखाता है। उन्होंने कहा कि जीवन के खेल में भी जो चौकन्ना रहते हैं, उन्हें सफलता मिलती है। खिलाड़ी से थोड़ी भी चूक होते ही विरोधी टीम घेर लेते हैं। नारद साहू ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## किल्लेकोड़ा स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली, किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





शासकीय विद्यालय किल्लेकोड़ा में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।छात्र-छात्राओं की टोली बैंड की धुन पर नारा लगाते हुए सबसे पहले पंचायत भवन पहुंची। वहां पंचायत भवन में ललिता गांवरे सरपंच ने ध्वजारोहण किया।

उसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बाद दुर्गा यादव ने ध्वजारोहण किया। फिर रैली कुआं चौक होते हुए चौपाल चौक पहुंची, जहां पर छन्नू लाल भंडारी ने ध्वजारोहण किया। फिर महात्मा गांधी चौक पर वीरेंद्र कुल्हार्य ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद पूर्व कलेक्टर केआर पिस्दा ने अपने घर पर ध्वजारोहण किया। अंत में रैली वापस विद्यालय पहुंची, जहां मुख्य अतिथि निर्भय भंडारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने झंडारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललिता गांवरे सरपंच किल्लेकोडा ने की। विशिष्ट अतिथि राजाराम तारम, विशेष अतिथि वीरेंद्र कुलहार्य, अधन सिन्हा, उत्तराबाई, रुक्मिणी बाई सिन्हा, केआर पिस्दा, रूप सिंह भूआर्य, गुलाब बाई शर्मा, अजय मुखर्जी प्राचार्य, एनआर शिवाना प्रधानपाठक, अनीता मेश्राम प्रधान पाठक तथा वायएस मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता किल्लेकोड़ा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएल साहसी ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर जेपी बांधव व्याख्याता, हेमेंद्र साहू व्याख्याता, घनश्याम पटेल व्याख्याता, खिलावन उर्वशा, त्रिजला ठाकुर, गोयल, प्रवीण मानिकपुरी, अनीता मेश्राम, श्री कुलहार्य, ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर, कुशल देवदास व गोकुल शोरी उपस्थित थे।

नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन ने किया आजादी के तराने कार्यक्रम का आयोजन

## शिक्षकों ने दी देशभक्ति गीत और कविताओं की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आजादी के तराने में देशभक्ति गीत, कविता की प्रस्तुति शिक्षक रचनाकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी।

काव्योत्सव की शुरुआत करते हुए एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू ने कहा कि आज के परिवेश में आजादी और राष्ट्र की प्रगति के लिए समाज में सकारात्मक सोच एवं रचनात्मक ऊर्जावान लोगों की आवश्यकता है। राष्ट्र के प्रति स्वस्थ चेतना का विकास ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। कवियत्री सूमा मंडल ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि आजादी की खुशी ऐसी हो जहां मिले सुकून की छाया। गीतकार मोहित शर्मा ने वीर रस से सराबोर कविता में कहा कि सरहद पर सीना तानकर हम देश का मान बढ़ायेंगे। प्रतिभा त्रिपाठी देशभक्ति गीत ए मेरे प्यारे वतन की प्रस्तुति दी। कवि धर्मेंद्र श्रवण ने कहा कि जगत जननी को कोटि कोटि प्रणाम है,सार संप्रदाय जाति यहां धरा नहीं धाम है। मुनमुन सिन्हा ने जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया की सुमधुर गायन प्रस्तुत किया। डा.सुधारानी शर्मा ने कविता वैचारिक रूप से पेश करते हुए कहा कि आजादी की बेला आई मिलकर स्वागत गान करें, देशप्रेम है सबसे बढ़कर इस पर हम अभिमान करें। कवि शैलेन्द्र शिशिर ने कहा कि धरती भारत की महान महावीरों की धाम है, शांति श्यामला लिए जय तिरंगे की शान है। बोधन साहू ने कहा कि मातृभूमि तेरे चरणों सदा जय विजय हो। कार्यक्रम का संचालन डा.बुशरा परवीन और आभार प्रदर्शन कैशरीन बेग ने किया।

महावीर भवन में संत ऋषभ सागरजी मसा का प्रवचन जारी

# स्वतंत्रता दिवस पर हमारे मन में उल्लास का भाव होना चाहिए न कि औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्वतंत्रता की कीमत एक परतंत्र व्यक्ति ही समझ सकता है। देश को आजाद कराने वालों नेअपने खून से सींचकर यह आजादी पाई है।

इस स्वतंत्रता पर्व के प्रति हमारे मन में उल्लास का भाव दिखना चाहिए न कि औपचारिकता। यह पर्व प्रतिवर्ष इसलिए मनाया जाता है कि इतिहास के भूलों से हम सब सबक ले तथा फिर से ऐसी भूलें न करें जिसमें देश गुलाम हुआ था। महावीर भवन में चल रहे प्रवचन श्रृंखला को जारी रखते हुए संत ऋषभ सागरजी म सा ने राष्ट्रीय पर्व पंद्रह अगस्त को जन भावनाओं से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ स्वयं के तंत्र में जीना है। परतंत्र व्यक्ति दूसरों के हिसाब से जीता है। स्वतंत्रता और स्वछंदता में अंतर होता है, स्वच्छंदता में अनुशासन का अभाव होता है। हम गुलाम क्यों हुए इस पर यदि गौर करें तो देखते हैं कि हमारी आपसी वैमनस्यता, विश्वासघात, लालच, एकता का आभाव, देश एवं संस्कृति के प्रति सम्मान के भाव की कमी आदि कुछ ऐसी बातें हैं जिनके कारण देश गुलाम हुआ। इन बातों से हमें सीख लेनी चाहिए तथा अपने अंदर भी झांक कर देखें की कहीं इसी तरह का कार्य हम अपने परिवार स्तर पर भी तो नहीं कर रहे हैं। परिवार में अपने स्वार्थ, अहंकार के कारण हम आपस में वैमनस्यता का भाव तो नहीं ला रहे, परिवार की एकता और शांति तो भंग नहीं हो रही, हमारे कार्य परिवार को तोड़ने वाले तो नहीं। आज श्रुति भन्साली का 9 उपवास था, संघ की ओर से उनका बहुमान किया गया।

### प्रत्येक व्यक्ति बार्डर पर नहीं जा सकता, देश सेवा के और भी तरीके हैं

प्रत्येक व्यक्ति बार्डर पर नहीं जा सकता, लेकिन देश के लिए सहयोग और समर्पण के और भी तरीके हैं। जैसे देश के कानून का सम्मान करना, भ्रष्ट आचरण न करना और न करने देना, करों का ईमानदारी से भुगतान करना, शासकीय संपति का नुकसान न करना आदि कई प्रकार से देश की सेवा की जा सकती है।

